सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-539**
01/12/2018

मुख्यमंत्री ने छह घंटों तक सड़कों का किया निरीक्षण, दर्जनों स्थानों पर स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये विस्तृत दिशा–निर्देश

पटना, 01 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना–नालंदा जिला के विभिन्न निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पटना से मीठापुर, बस स्टैंड बाईपास, सिपारा ढ़ाला, परसा–पुनपुन होते हुए डुमरी पहुँचे। डुमरी पहुँचकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विस्तृत विमर्श किया और नेउरा निकलने वाली रेलवे लाइन के साथ–साथ पटना–गया–डोभी एन0एच0–83 पर बन रहे फोरलेन एवं बिहटा–सरमेरा रोड की पूरी जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली।

डुमरी में बिहटा–दनियावां रोड (एस0एच0–78) का नक्शा देखने के बाद निर्माणाधीन स्टेट हाइवे–78 का मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। मुआयना के क्रम में बिहटा–दनियावां रोड स्थित नीमा गाँव के लोगों ने मुख्यमंत्री से सड़क पार करने के लिए फुट ओवरब्रिज बनाने का आग्रह किया। नीमा ग्रामवासियों को आश्वस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को फुट ओवरब्रिज बनाने का तत्काल निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खेती करने के लिए या अन्य कामों से लोग सड़क पार करेंगे इसलिए स्लोप वाला ही ओवरब्रिज बनना चाहिए ताकि आसानी से लोग साइकिल, छोटे–छोटे सामान या खेती से संबंधित आवश्यक चीजों को लेकर लोग फुट ओवरब्रिज से आवागमन कर सकें।

नीमा गाँव से आगे बढ़ने पर निर्माणाधीन बिहटा–दनियावां सड़क किनारे बसा मसाढ़ी गाँव के लोगों ने सड़क क्रॉस करने के लिए मुख्यमंत्री से अंडर पास बनवाने की मांग की। मसाढ़ी गाँव के लोगों की मांग पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव श्री विनय कुमार को अंडर पास बनाने के साथ ही मसाढ़ी गाँव के लिंक सड़क को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

दनियावां बाजार से पैदल भ्रमण कर मुख्यमंत्री दनियावां रेलवे जंक्शन पहुँचकर दनियावां से नेउरा निकलनेवाले रेलवे लाइन के संबंध में अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री दनियावां से माधोपुर चांदी होते हुए सालेपुर मोड़ (एस0एच0–78) तक जाकर सड़क निर्माण कार्य की वर्तमान वस्तु स्थिति से भलीभांति अवगत हुए। मुख्यमंत्री दनियावां, चंडी, नूरसराय, सालेपुर, भागन बिगहा, कनी बिगहा, रहुई होते हुये बिंद तक पहुँचे और सड़कों का विस्तृत निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने लगभग छह घंटों तक सड़कों का निरीक्षण किया और दर्जनों स्थानों पर स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को विस्तृत दिशा–निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने पटना से बिंद तक सड़कों का विस्तृत निरीक्षण कर जगह–जगह अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने बिहटा–सरमेरा पथ को सम्पूर्ण लंबाई में तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में डुमरी से सरमेरा तक मई माह तक कार्य पूर्ण कर लिया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर से पटना एयरपोर्ट की दूरी सवा घंटे में तय करने के लिये फोरलेन से तेलमर होते हुये सालेपुर, नूरसराय–सिलाव रोड को दस मीटर चौड़ा बनाया जाय और जहॉ–जहॉ गॉव हैं, उन सबको बाइपास से जोड़ा जाय

ताकि फास्टर मुवमेंट हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि दनियावां में एन0एच0– 30ए0 पर जो फ्लाई ओवर बन रहा है, उसका कनेक्शन दनियावां–हिलसा–ईस्लामपुर एस0एच0– 4 से भी दिया जाय ताकि लोगों को आवागमन में सहुलियत हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि एन0एच0– 31 के फोरलेन चौड़ीकरण में बिहारशरीफ–हरनौत–मोरा तालाब–धमौली में एलिवेटेड सड़क का निर्माण कराया जाय तथा गिरियक वेना में बाइपास का प्रावधान करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के क्रम में पाया कि एनचएच0– 30ए0 से जो बाढ़ से हरनौत होते हुये फतुहा तक है, का काम 75 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस सड़क का निर्माण अपने शिड्यूल से तेज चल रहा है। इसमें चार–पॉच जगह जमीन की छोटी–मोटी दिक्कत है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पटना एवं जिलाधिकारी नालंदा को त्वरित समाधान निकालने का निर्देश दिया। एस0एच0– 78 में चूकि ग्रीन फिल्ड रोड बना है इसलिये पर्याप्त वेहिकुलर अंडर पास का प्रावधान नहीं है, इसके लिये मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि उसका अंकेक्षण कराकर जहॉ–जहॉ गॉव हैं, वहॉ वेहिकुलर अंडर पास बनाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में जगह–जगह ग्रामवासियों एवं स्थानीय नेताओं ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता एवं माला भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

निरीक्षण के दौरान पर प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, ग्रामीण कार्य सचिव श्री विनय कुमार, परिवहन विभाग के सचिव एवं बिहार राज्य रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार अग्रवाल, पथ निर्माण विभाग के अभियंतागण, रेलवे तथा एन0एच0ए0आई0 के वरीय अधिकारी, पटना डी0आई0जी0 श्री राजेश कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना डी0एम0 श्री कुमार रवि, नालंदा डी0एम0 श्री त्यागराजन एस0एन0 सहित संबंधित विभागों से जुड़े अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******